सुप्रभात
शनिवार 11.01.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 261
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



## स्पीड न्यूज

### 16 जनवरी तक रद्द रहेगी हटिया-बर्द्धमान मेमू

धनबाद। दक्षिण पूर्वी रेलवे में रांची मंडल के सिरमटोली चौक पर 4 लेन फ्लाईओवर/एलिवेटेड रोड-कम-आरओबी कार्य के कारण 12 से 16 जनवरी तक हटिया से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13504 हटिया- बर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस तथा 11 से 15 जनवरी तक बर्द्धमान से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13503 बर्द्धमान-हटिया मेमू एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### नवीन बाउरी ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण जीता

मैथन। सहोदया धनबाद द्वारा डीएवी स्कूल कोयला नगर में सीबीएसई से मान्यता प्राप्त एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर चिरकुंडा के छात्र नवीन बाउरी ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। यह जानकारी देते हुए स्कूल के सचिव नीलय गढ़याण व प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा ने छात्र को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सारे मान्यता प्राप्त विद्यालयों को तीन क्लस्टर में बांटा गया था। धनबाद क्लस्टर में 14 सीबीएसई विद्यालय शामिल थे, जिसमें इस स्कूल के बच्चों ने भी विभिन्न इवेंट्स में भाग लिया था।

### डीसी ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



धनबाद। डीसी माधवी मिश्र ने शुक्रवार की शाम सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सभी वार्ड, ओपीडी, लैब, रजिस्ट्रेशन सेंटर का बारी बारी से अवलोकन किया, जहा भी कमियां देखी, उसे सीएस को प्वाइंट आउट कर सुधार लाने की बात कही। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि यह रूटीन जांच है। अस्पताल की व्यवस्था को कैसे बेहतर बनाया जाए ताकि मरीजों का अच्छी सुविधाएं मिल सके। इसपर जिला प्रशासन की नजर है। हमलोग इसमें सुधार लाने के लिए लगातार प्रयासरत्त है। उन्होंने बताया कि जल्द ही निजी डाक्टरों के साथ बैठक कर सदर अस्पताल में उनके लिए डेट टाइम लिया जाएगा, ताकी यहां मरीजों को अच्छी सेवा मिल सके। झोलाछाप डाक्टरो के बारे में बताया कि मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आने में कड़ी कार्यवाई की जायेगी। मौके पर सीएस सीबी प्रतापन, सदर अस्पताल के नोडल पदाधिकारी राज कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने की झमाड़ा प्रबंधन से वार्ता

झरिया। पानी के बकाया बिल भुगतान में गड़बड़ी और अतिरिक्त कर भुगतान देने को लेकर आमजनों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। लोगों ने झरिया विधायक रागिनी सिंह से शिकायत कर उनसे मध्यस्थता की मांग की। विधायक ने विशेष प्रतिनिधि मंडल के साथ झमाड़ा के साथ बैठक की। बैठक में के डी पांडेय, ,संतोष सिंह, राज किशोर जैना आदि मौजूद थे। विधायक ने बताया कि जलापूर्ति बाधित होने का कारण एक साथ सालों का बिल झमाडा द्वारा दिया जाना है। वार्ता में यह तय हुआ कि झमाडा आगामी 15 जनवरी से 15 फरवरी तक झरिया अंचल के आरएसपी कॉलेज के समीप आमजनों के लिए कैम्प लगाएगा, जहां पुराने बिल दिखाए जाने पर बिना किसी चक्र वृद्धि ब्याज के बिल भुगतान करने पर सहमति बनी।

## धमाबांध में गोलीबारी व बमबाजी के पीछे आपराधिक छवि का कर्मी दोषी

# बीसीसीएल और आउट सोर्सिंग कंपनी प्रबंधन को ठहराया जिम्मेवार

### कारू यादव व उनके 62 और शेख तौहीद समेत 61 समर्थक नामजद आरोपी

खबर मन्त्र संवाददाता





कतरास। कभी कोयला के कारोबार को लेकर तो कभी आउटसोर्सिंग कंपनी पर वर्चस्व के लिए बाघ मारा में हिंसक झड़प की घटनाएं होती आई हैं। ताजा मामले में गुरुवार को बीसीसीएल के अधीन आउट सोर्सिंग कम्पनी हिलटॉप के बाबूडीह साइड पर कंपनी समर्थक और ग्रामीणों के बीच जमकर गोली बारी एवं बमों का विस्फोट किया गया। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के 122 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

कोयला खनन के लिए सीमांकन किया जा रहा था। हिलटॉप आउटसोर्सिंग कम्पनी ने कारू यादव को काम दिया था। कारू को काम दिलाने में एरिया तीन प्रबंधन ने अहम भूमिका अदा की थी। शिकायत में कहा गया है कि बीसीसीएल प्रबंधन कारू यादव की आपराधिक पृष्ठभूमि का उपयोग मनचाहे उदेश्य के लिए करना चाह रहा था, ताकि कारू की दबंगई के सामने अन्य कोई ब्यक्ति आउट सोर्सिंग के धंधे में नही आ सके और प्रबंधन को लाभ मिल सके। शिकायत के अनुसार कारू को लेकर स्थानीय ग्रामीण लोग विरोध कर रहे थे। मुखिया ने भी जीएम को पत्र देकर मांगों का जिक्र करते हुए निराकरण नही होने तक काम बन्द रखने का आग्रह किया था। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने ग्रामीणों की तरफ से जीएम से वार्ता की थी। गुरुवार सुबह कारू यादव अपने एक सौ समर्थकों के साथ मोटर साइकल से घातक हथियार से लैस होकर कार्य स्थल पर आये। दूसरी ओर से शेख तौहीद एक सौ समर्थकों के साथ घातक हथियार के साथ आये और कार्य का विरोध शुरू कर दिया। दोनों ओर से लोग आक्रामक हो गए। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया। बावजूद दोनों पक्ष गोली बारी और बम बाजी करने लगे। पुलिस ने सांसद चंद्र प्रकाश पर सवाल उठाया है। घटना के लिए बीसीसीएल के जीएम और आउट सोर्सिंग कम्पनी के मालिक को जिम्मेवार बताया है।

### पुलिस ने दर्ज की तीन प्राथमिकी, पांच को जेल

कतरास। आउट सोर्सिंग कम्पनी में बर्चस्व को लेकर धर्माबांध में हुई गोलीबारी और बमबाजी के बाद पुलिस बल पर हमला और सांसद के स्थानीय कार्यालय में आग लगाने को लेकर तीन प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट ले गयी, जिनमें पांच न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गए। एक जख्मी आरोपी अस्पताल में इलाजरत है। इधर आई जी डॉ एस माइकल राज, डीआईजी एस के झा, इंद्रजीत, वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन, सीटी एस पी अजीत कुमार ने घटना स्थल का जायजा लिया। मौके से आधा दर्जन से अधिक जिंदा बम, कई खोखा बरामद किये गए। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गहन छापामारी की गयी।

# असंतुलित होकर स्कॉर्पियो तोपचांची झील में डूबी

- 9 लोग सवार थे, 1 घायल, बड़ा हादसा होने से टला

खबर मन्त्र संवाददाता



तोपचांची। शुक्रवार की शाम तोपचांची झील से पिकनिक मना कर लौट रहे युवकों का स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर तोपचांची झील पुल संख्या 5 के समीप डूब गई। स्कॉर्पियो में करीब 9 लोग सवार थे। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार युवक तोपचांची झील में पिकनिक मनाने पहुंचे थे। पिकनिक मनाने के दौरान युवक ने शराब का सेवन किया था। गाड़ी में सवार होकर सभी युवक लौटने के क्रम में झील के सड़क के किनारे पेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो ने अपनी संतुलन खोते हुए झील में चली गई। घटना की जानकारी मिलते ही आस पास के लोग पहुंचे। जिसके बाद तोपचांची पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। तोपचांची पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर स्कॉर्पियो में सवारी युवकों को बाहर निकाल। हालांकि पुलिस के पहुंचने दौरान स्कॉर्पियो में एक ही युवक सवार थे जिन्हें सर पर चोट आई थी। स्कॉर्पियो में सवार अन्य 8 युवक फरार हो गया। तोपचांची पुलिस अपनी गस्ती गाड़ी में घायल युवक को इलाज के लिए साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डाक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल रेफर कर दिया। इधर झील में ही स्कॉर्पियो फंसी हुई है। रात के अंधेरे में झील से स्कॉर्पियो को निकालना मुश्किल है। सुबह स्कॉर्पियो को झील से निकल जाएगा। इधर घटना के बाद तोपचांची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

### कैसे घटी घटना

मधुबन थाना निवासी चालक नीरज कुमार ने बताया कि स्कॉर्पियो में 9 लोग सवार थे। सभी पिकनिक मनाने के लिए तोपचांची झील पहुंचे थे। पिकनिक मनाने के दौरान सबों ने जमकर शराब पी। शराब के नशे में वाहन असंतुलित हो गई। असंतुलित होकर स्कॉर्पियो झील में डुब गया।

### बडा हादसा होने से टला

घटना के बाद असंतुलित स्कॉर्पियो झील के अत्यधिक पानी क्षेत्र में ना जाकर कम पानी वाले क्षेत्र में ही फस गई। जिससे स्कॉर्पियो में फंसे लोगों को बाहर निकाला जा सका। अगर स्कॉर्पियो झील में अत्यधिक पानी वाले क्षेत्र में चली जाती तो कहीं ना कहीं बड़ी हादसा हो सकती थी।

## एक नजर में

### ओबी गिरने से माइनिंग सरदार की मौत

मैथन। बीसीसीएल सीवी एरिया बारह की दहीबाड़ी परियोजना में गुरुवार देर रात डंप के दौरान ओबी गिरने से माइनिंग सरदार विद्यासागर पांडेय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पांडेय द्वितीय पाली में ड्यूटी पर थे। घटना लगभग रात 9 बजे की है। डंफर से ओबी डंप करने के दौरान उनके सिर पर पत्थर गिरा, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सुबह संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आश्रित को नियोजन एवं एक्सीडेंट के सभी बेनिफिट देने की मांग को लेकर परियोजना का कार्य को ठप कर दिया गया। सभी अपनी मांग पर अड़े हुए हैं, जबकि प्रबंधन मोर्चा नेताओं से सकारात्मक वार्ता के प्रयास में लगा हुआ है। पूरी परियोजना का काम ठप है। सुरक्षा अधिकारी मनोज पाल ने बताया कि ड्यूटी पर मौजूद सभी कर्मचारियों को बुलाया गया है। इस पूरी घटना की जांच की जा रही है।

### रेलवे संरक्षा आयुक्त ने ओबरा डैम-फफराकुंड रेलखंड का किया निरीक्षण



धनबाद। धनबाद रेल मंडल में पूर्वी सर्किल के संरक्षा आयुक्त सुवोमोय मित्रा का दौरा दूसरे दिन भी जारी रहा। उन्होंने शुक्रवार को रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 06 किमी लंबे नव-दोहरीकृत ओबरा डैम-फफराकुन्ड रेलखंड का निरीक्षण किया। वह पहले फफराकुंड से ओबरा डैम तक मोटर ट्रॉली से गए। दोहरी करण कार्य का अवलोकन किया। स्पेशल ट्रेन का स्पीड ट्रायल भी हुआ, जो सफल रहा। संरक्षा आयुक्त ने कार्यों की सराहना की। विदित हो कि 160 किलोमीटर लंबी रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के तहत 154 किमी का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है। आज 6 किमी लंबे ओबरा-फफराकुंड रेलखंड के सीआरएस निरीक्षण के साथ ही यह परियोजना पूर्ण हो गयी। मौके पर डीआरएम कमल किशोर सिन्हा एवं निर्माण विभाग तथा धनबाद मंडल के उच्चाधिकारी भी उपस्थित थे।

### निरसा विधायक ने की मेंडेज कर्मियों की समस्याओ के समाधान की मांग



धनबाद। मेंडेज कर्मियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार को निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने बिजली जीएम एके सिन्हा से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आए दिन मेंडेज कर्मियों को तमाम परेशानियो का समाना करना पड़ता है। उनकी ना तो 26 दिन की हाजिरी मिलती है और ना ही आज तक उन्हें पीएफ एवं ईएसआई का लाभ दिया गया, जबकि ये सभी विभाग की रीढ़ हैं। विधायक ने तमाम समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण की मांग की। जीएम ने भरोसा दिया कि 17 जनवरी को कैंप लगा कर मेंडेज कर्मियों के पीएफ और ईएसआई का समाधान कर दिया जायेगा। इसके अलावा अन्य जो भी इनकी शिकायतें हैं, उसके लिए भी पहल की जाएगी।

### मधुबन पुलिस के प्रति अधिवक्ताओं में रोष, अदालत जाने की तैयारी

धनबाद। मधुबन पुलिस द्वारा कल धनबाद कोर्ट के अधिवक्ता शेख खालिद को अवरुद्ध किए जाने पर अधिवक्ताओं में रोष है। अधिवक्ता कुमार कृष्णा ने शुक्रवार को सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार के माध्यम से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को पत्र लिखकर अधिवक्ता को शीघ्र मुक्त करने की मांग की है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को दिए गए आवेदन में अधिवक्ता कुमार कृष्णा ने बताया है कि अधिवक्ता शेख खालिद धनबाद सिविल कोर्ट के वरीय अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी के अधीनस्थ धनबाद व्यवहार न्यायालय में वकालत करता है। कल गुरुवार को दिन के 10 :30 बजे से शाम 5 :00 बजे तक वह अदालत में मौजूद था। पुलिस हिल टॉप आउटसोर्सिंग पर वर्चस्व की जंग के मामले मे अधिवक्ता का नाम जोड़ने का प्रयास कर रही है। वरीय अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने भी वरीय पुलिस अधीक्षक को किसी व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कर बताया है कि उनके जूनियर शेख खालिद कल जिला सत्र न्यायाधीश कस्टम स्वयंभू की अदालत में डीएसपी की गवाही का जिरह कर रहा था। वह शाम तक अदालत में उपस्थित था। घटना से उसका कोई लेना-देना नहीं है। बावजूद पुलिस उसे अवरुद्ध कर कल से थाने में रखे हुए है। उन्होंने कहा कि अदालत में मौजूद सीसीटीवी कैमरे में देखा जा सकता है कि उनका जूनियर अदालत में उपस्थित था। उन्होंने कहा कि यह गैर कानूनी अवरुद्ध करने का मामला है। यदि अधिवक्ता को शीघ्र नहीं छोड़ा गया तो वह मामले को अदालत तक ले जाएंगे।

### गोविंदपुर के कई गांवों में वंदना पर्व की धूम, बैलों को सजाकर नचाया

गोविंदपुर। प्रखंड के बाघमारा खुर्द, चैनपुर, सरकारडीह, परसबनिया, बीरगांव, काशीटांड, चेंगादाहा, खेतटांड़, जीतपुर, प्यार साला आदि गांवों में मंगलवार को संथाल समाज ने वंदना पर्व समारोह पूर्वक मनाया। इस अवसर पर बरद खूंटा का आयोजन किया गया। बैलों को सजाकर नचाया गया। मांदर की थाप पर आदिवासी झूम उठे।

## गलफरबाड़ी के बंद बर्न स्टैंडर्ड कंपनी में छापेमारी, भारी मात्रा में कोयला जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

कुमारधुबी। गलफरबाड़ी स्थित बंद बर्न स्टेंडर्ड कंपनी में गुप्त सूचना पर शीतलपुर की सीआईएसएफ टीम ने विगत गुरुवार की रात लगभग 11 बजे छापेमारी की और भारी मात्रा में कोयला जब्त किया। सीआईएसएफ की टीम जब पहुंची तो अवैध खनन देख अर्चंभित हो गए। अवैध खनन से दर्जनों कुआंनुमा गड्ढा बना हुआ है। अनुमान है कि जब्त कोयला लगभग पांच सौ टन था। दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोग अंधेरे का लाभ उठा कर कोयला लूट ले भागे। इस संबंध में जानकारी देते हुए कापासारा प्रबंधक ने कहा कि उन्हें सुचना मिली थी कि बर्न स्टैंडर्ड कंपनी में अवैध खनन कर कोयला की निकासी की जा रही है। दो दिन पूर्व उक्त स्थल की भराई कराई गई थी। आज सीआईएसएफ शीतलपुर की टीम ने छापेमारी की है। सभी जब्त कोयले को राजपुरा कोलियरी के डिपो में जमा कराया जा रहा है।

## आउटसोर्सिंग कंपनी रैयतों की जमीन से जबरन कर रही है कोयले का उत्खनन

- अपर समाहर्ता ने सुनी जनता की समस्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता



धनबाद। अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने आज समाहरणालय में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया।

जनता दरबार में जमीन पर अवैध कब्जा, गांव में नाली एवं पानी की समस्या, चौकीदार की नियुक्ति से संबंधित, कोला कुसमा के आवासीय क्षेत्र में लकड़ी मिल एवं फ्लाई ऐश ब्रिक्स(कारखाना) से हो रहे प्रदूषण से संबंधित मामले, रैयती जमीन पर जबरन अबुआ आवास से संबंधित मामले, आउटसोर्सिंग द्वारा रैयती जमीन पर जबरन कोयला का अवैध उत्खनन के संबंधित, जमीन का म्युटेशन रद्द करने से संबंधित मामले, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के मामले, बीसीसीएल में भूमि अधिग्रहण के बदले नियोजन के मामले, कैंसर पीड़ित के इलाज से संबंधित मामले, आर्म लाइसेंस, जमीन की रजिस्ट्री, भूमि अधिग्रहण के बदले मुआवजा के मामले, सरकारी पेयजल कुँआ को नवनिर्मित मकान से तीन तरफ से घेरने के मामले, भूमि मापी के मामले, पेंशन के मामले, पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## सड़क सुरक्षा माह में ट्राफिक नियमों के पालन की ली शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता



धनबाद। सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिला परिवहन कार्यालय में जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) कार्यालय में ट्राफिक डीएसपी श्री अरविंद कुमार सिंह ने तथा जिले के सभी थानों में एक साथ यातायात के नियमों का पालन कराने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान एमवीआई अभय कुमार, एमवीआई शुभम कुमार, एमवीआई हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार, आईटी असिस्टेंट देवेन्द्र कुमार तथा कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## झरिया डिवीजन वाशरी के आसपास घरों में पड़ी दरार

जोड़ापोखर। टाटा स्टील झरिया डिवीजन वाशरी के आस पास के घरों में दरार पड़ गई है एवं प्लास्टर झड़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वाशरी में कंपन से घर गिर रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि भाजपा नेता नवीन लाल के नेतृत्व में 22 जनवरी को वाशरी के मुख्य द्वार पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। भाजपा नेता ने कहा है कि वाशरी में कंपन से ग्रामीणों के घर गिर रहे हैं, जबकि सुबिधा के नाम पर टाटा कंपनी कुछ भी नही देती है। कई बार प्रबंधन से बर्ता भी हुई, मगर कोई नतीजा नहीं निकला। कंपनी के अधिकारियों ने सिर्फ आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सात सूत्री मांग है, जिनमें घर की रिपेयरिंग, प्रदूषण की रोक, स्थानीय युवाओं को रोजगार, कंपन बंद करना, युवाओं को मेडिकल ट्रेनिंग, पानी का कनेक्शन, स्थानीय युवकों को ट्रांसपोर्टिंग का काम आदि शामिल है।

# प्रभावितों को बेलगढ़िया शिफ्ट करने में तेजी लाएं: उपायुक्त

- आधारभूत संरचना का कार्य त्वरित गति से हो
- अब हर महीने की 15 तारीख को लगेगा विशेष कैंप

विशेष प्रतिनिधि



धनबाद। झरिया कोयलांचल में धधकती आग के ऊपर बसे लोगों के लिए बेलगढ़िया में शिफ्ट करने की कारवाई तेज हो गई है। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र ने झरिया कोयलांचल के भू धंसान एवं अग्नि प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए बेलगढ़िया में बनी कालोनी में आधारभूत संरचना को त्वरित गति से पूरा करने का निर्देश दिया है। इसकी देखरेख ब समीक्षा के लिए अब प्रत्येक माह की 15 तारीख को वहां विशेष कैंप लगेगा।

समाहरणालय के सभागार में झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की समीक्षा बैठक में उपायुक्त सुश्री मिश ने शिफ्टिंग की प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि 81 साइट्स में एक हजार से अधिक नॉन टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) के लिए बेलगड़िया में आवास चिन्हित किए गए हैं। जिन्हें मुआवजा की राशि देखकर शिफ्ट किया जाना है। इस पर उपायुक्त ने शीघ्र मुआवजा का भुगतान कर शिफ्टिंग की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रत्येक महीने की 15 तारीख को बेलगड़िया में विशेष कैंप लगाकर वहां के निवासियों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हेल्थ चेकअप कैंप सहित राज्य सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त सुश्री मिश्र ने बेल गढ़िया टाउनशिप में सिवरेज, पेयजल की सुविधा, कॉलोनी में सड़क की मरम्मत एवं चौड़ीकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए भी उपायुक्त ने अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूह बनाने का भी निर्देश दिया।बैठक के दौरान बेलगड़िया टाउनशिप में इलेक्ट्रिक बस चलाने, स्कूल, हॉस्पिटल, जन वितरण प्रणाली, सामुदायिक भवन निर्माण, हर आवास में विद्युत कनेक्शन, हर आवास में नल से पेयजल कनेक्शन, बैंक एटीएम की संख्या बढ़ाने, चिल्ड्रन पार्क, धार्मिक स्थल, साफ सफाई, सिवरेज मेंटेनेंस के लिए एजेंसी का चयन, आवासों की मरम्मत, डेयरी बूथ की स्थापना, इंटरनेट व मोबाइल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने इत्यादि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### ये लोग भी थे उपस्थित

बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, डीआईओ श्रीमती सुनीता तुलस्यान, बाघमारा, पुटकी एवं झरिया के अंचल अधिकारी, जेआरडीए के सलाहकार डीएन महापात्रा, वरीय प्रबंधक संजय कुमार, रत्नाकर मल्लिक, यूके करमाकर, ए हक तथा अन्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज़

### भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान कार्यक्रम आज



■ सांसद बीडी राम व प्रथम महापौर अरुणा शंकर करेंगी अभियान का शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम एवं प्रथम महापौर अरुणा शंकर के द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सदर मेदिनीनगर ग्रामीण मंडल के ग्राम पंचायत रजवाडीह, जमुने एवं पोखराहा खुर्द में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ 11 जनवरी को ग्राम रजवाडीह स्वास्थ्य उपकेंद्र के पास आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा। उक्त जानकारी सांसद विष्णुदयाल राम के निजी सचिव अलख दुबे ने दी। श्री दुबे ने बताया कि सदस्यता अभियान कार्यक्रम के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता तथा मंडल अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील पाण्डेय सहित तीनों पंचायत के ग्रामीण जनता उपस्थित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

### वीर बाबा चौहरमल समिति का पासवान मिलन समारोह सह वनभोज 19 को

**पाटन (पलामू)।** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पाटन प्रखंड कमिटी के तत्वावधान में 19 जनवरी दिन रविवार को पासवान समाज से लोकसभा व विधानसभा में निर्वाचित हुए सांसद व विधायकों का सम्मान सह पासवान मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम ग्राम खनवा अमानत नदी तट पर आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि पलामू सांसद बीडी राम, लातेहार विधायक प्रकाश राम, चतरा विधायक जनार्दन पासवान व देवघर विधायक सुरेश पासवान कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसकी जानकारी समिति के आयोजक ने दी।

### चेतमा उत्क्रमित राजकीयकृत मध्य विद्यालय में साइकिल का वितरण



**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड के उत्क्रमित राजकीयकृत मध्य विद्यालय चेतमा में स्कूली विद्यार्थियों के बीच साईकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत समिति सदस्य संतोष कुमार उपाध्याय ने छात्रों को साईकिल प्रदान कर किया। मौके पर प्रधानाध्यापक विनोद उपाध्याय, कुंदन, उपाध्यक्ष रूपेश उपाध्याय, सिकंदर राम, लखन समेत कई ग्रामीण मौजूद थे। मौके पर पंसस ने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए हर सुविधा प्रदान कर रही है। विद्यार्थी भी नियमित विद्यालय आकर पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि साईकिल मिलने से अब विद्यार्थियों को स्कूल आने में विलंब नहीं होगा।

### झारखंड पुलिस एसोसिएशन चुनाव : प्रत्याशियों का प्रचार अभियान जोरों पर

**मेदिनीनगर।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन, शाखा पलामू के आगामी चुनाव 12 जनवरी 2025 को निर्धारित हैं। चुनाव में अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव पदों के लिए उम्मीदवारों ने अपने-अपने प्रचार अभियान शुरू कर दिए हैं। अध्यक्ष पद के लिए विजय कान्त तिवारी, सचिव पद के लिए सुबोध कुमार, उपाध्यक्ष पद के लिए अमितेश कुमार, कोषाध्यक्ष पद के लिए दशरथ कुमार और संयुक्त सचिव पद के लिए नबी अंसारी मैदान में हैं। सभी प्रत्याशी समय के साथ सोच गतिशील और हर पुलिस पदाधिकारी की आवाज जैसे नारों के साथ अपनी प्राथमिकताओं और विचारों को साझा कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे नई सोच और कार्यशैली के साथ संगठन को मजबूत करने का वादा करते हैं। सभी पुलिस पदाधिकारियों से अपील की गई है कि वे अपने बहुमूल्य वोट का प्रयोग कर सही नेतृत्व का चुनाव करें।

### पति-पत्नी के बीच विवाद सुलझा, दोनों साथ रहने पर सहमत



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार में मिकी कुमारी ने आवेदन देकर पति को ठीक ढंग से साथ मे नहीं रखने का आरोप लगाते हुए आवेदन दी थी। बिदित हो कि मिकी कुमारी दो बच्ची की माँ है । एक बच्ची दो वर्ष और दूसरा बच्ची अभी सात माह की है ।पति पत्नी में किसी बात को लेकर मनमुटाव हो गया था ।व पति पत्नी दोनों अलग रह रहे थे ।मिकी कुमारी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार में लिखित आवेदन देकर उक्त आशय का शिकायत दर्ज कराई थी ।डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने उसके आवेदन को पंजीबद्ध करते हुए मिसलेनियस केस दर्ज कर लड़का पक्ष को नोटिस देने का निर्देश दिया था ।डालसा के द्वारा नोटिस भेजने के बाद लड़का सम्पत सिंह मध्यस्थता केंद्र में आया। दोनो के बीच मध्यस्थता कराने के लिए डालसा सचिव ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिह को प्रतिनियुक्त किए थे ।अमिताभ चंद सिंह ने दोनों के बीच मध्यस्थता किया व दोनो पति पत्नी आपस मे राजी खुशी से सुलह कर लिए तथा साथ रहने पर सहमत हैं। इस तरह पति पत्नी के बीच चल रहा विवाद सुलझा दिया गया व दोनो पति पत्नी बच्चों के साथ घर चले गए। इस तरह एक घर उजड़ने से बच गया। बिदित हो कि डालसा के माध्यम से प्रिलिटिगेशन स्टेज में ही अब तक आधा दर्जन से अधिक परिवार के बीच समझौता कराकर घर बसाया गया है। जिससे परिवार में रिश्ते मधुर हुए हैं वही आपराधिक व दीवानी मुकदमा होने से दोनो पक्ष को बचाया गया हैं। इस प्रयास को लोगो के बीच काफी सराहना हो रहा है। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, पीएलवी मुनेश्वर राम उपस्थित थे।

### प्रवासी मजदूरों के निबंधन के लिए कार्यशाला आयोजित

मेदिनीनगर। जिले के नावाबाजार ब्लॉक में शुक्रवार को प्रवासी मजदूरों से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया । मौके पर नावाबाजार ब्लॉक के प्रखंड के मुखिया एवं वार्ड के साथ साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु बाला, अंचलाधिकारी शैलेश कुमार एवं श्रम अधीक्षक एतवारी महतो भी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में श्रम अधीक्षक एतवारी महतो ने प्रवासी श्रमिकों से संबंधित समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वैसे श्रमिक जो रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों,देशों में रोजगार के बेहतर तलाश में जाते हैं वे अनिवार्य रूप से श्रमाधान .झारखण्ड .जी0ओ0भी0 .कॉम पोर्टल पर प्रवासी मजदूर अधिनियम 1979 के अंतर्गत निबंधन कराकर जाएं ताकि श्रमिकों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो एवं उनके द्वारा बताया गया कि सामान्य मृत्यु, दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा के कारण जिले के प्रवासी श्रमिक की मृत्यु/अशक्त होने पर उन्हे अपने घर तक लाने के लिए 50 हजार तक की राशि मुख्यमंत्री झारखण्ड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष से दी जायेगी,प्रवासी श्रमिक की दुर्घटना में दो अंग या दोनों ऑख या अंग की हानि होने पर एवं दुर्घटना/प्राकृतिक आपदा में श्रमिक की मृत्यु होने पर पंजीकृत एवं अपंजीकृत प्रवासी श्रमिकों को 75 हजार से दो लाख रुपए तक का भुगतान किया जायेगा। श्रम अधीक्षक के द्वारा श्रम विभाग के संचालित सभी योजनाओं का जानकारी विस्तृत रुप में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया एवं सभी आगन्तुकों से अपील की गयी कि जो भी मजदूर दूसरे राज्य में कार्य करने जाते हैं वे अपना निबंधन प्रवासी मजदूर के रूप में श्रम विभाग में जरूर करवायें।

### डीएसओ ने की धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा

**मेदिनीनगर।** जिला आपुर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने शुक्रवार को जिला सहकारिता कार्यालय में जिले में हो रहे धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा की ।इस दौरान बताया गया कि प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अबतक 67408 क्विंटल धान की अधिप्राप्ति की गयी है ।वहीं अधिप्राप्ति किये गये धान के विरुद्ध 10224 क्विंटल धान का उठाव हो पाया है ।इसपर उन्होंने संबंधित राइस मिलर को सभी केंद्रों से धान अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने एवं एडवांस सीएमआर जमा करते हुए अविलंब रूप से धान का उठाव करने की बात कही ।जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सभी केंद्र संचालकों को किसानों को एसएमएस भेजकर जागरूक करने तथा धान अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया ताकि कोई भी योग्य किसान इस योजना से वंचित नहीं रहे ।उन्होंने कहा कि धान अधिप्राप्ति से सम्बंधित किसी भी प्रकार की अनियमितता बरतने पर यदि शिकायतें प्राप्त होती है तो उक्त को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मौके पर सभी पैक्स अध्यक्ष,सभी मिलर व एफपीओ उपस्थित रहे।

# विधायक डॉ शशिभूषण मेहता का झारखंड दांगी कुशवाहा महासभा करेगी भव्य स्वागत

- 12 जनवरी को चतरा कॉलेज छात्रावास मैदान में होगा विशाल जनसभा का आयोजन



### दांगी कुशवाहा समाज हक व अधिकार के लिए जाग चुका है : सुनील कुशवाहा

### दांगी कुशवाहा समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है : मंदीप मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड दांगी कुशवाहा सैन्य मौर्य महासभा के तत्वावधान में 12 जनवरी को चतरा संसदीय क्षेत्र की एक विशाल जनसभा का आयोजन चतरा कॉलेज छात्रावास मैदान में किया गया है। इस जनसभा में चतरा संसदीय क्षेत्र के सभी जिला, प्रखंड, पंचायत व गांव स्तर के लोग हजारों हजार की संख्या में भाग लेंगे। जिसमें समाज के हक व अधिकार समेत विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए राज्य सरकार से मांग की जायेगी। साथ ही विशाल जनसभा में समाज के झारखंड में एकलौते विधायक डॉ शशिभूषण मेहता का भव्य स्वागत किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए, पलामू जिलाध्यक्ष सुनील कुशवाहा ने कहा कि दांगी कुशवाहा सैन्य मौर्य समाज के लोग अपने हक व अधिकार के प्रति जागरूक हो चुके हैं। इस समाज को वर्षों से उपेक्षित किया गया है जो अब नहीं होनेवाला है। समाज के लोगों को सत्ता में भागीदारी मिले इसे लेकर हम अपनी आवाज को एकजुट होकर बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में दांगी कुशवाहा मौर्य व सैन्य समाज की संख्या कम नहीं है। राज्य के बहुत से क्षेत्रों में यह समाज निर्णायक भूमिका के लिए जाना जाता है। इस विशाल जनसभा में मुख्य अतिथि समाज के प्रदेश अध्यक्ष हाकीम प्रसाद महतो, अति विशिष्ट अतिथि सत्यदेव प्रसाद वर्मा, प्रशिक्षण प्रमुख संजय शान तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश संगठन सचिव बटेश्वर मेहता, मुख्य सलाहकार देवचरण दांगी, सचिव प्रो. श्याम सुंदर प्रसाद, युवा प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन कुमार, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष लीलावती मेहता, निर्मल कुमार दांगी के साथ चतरा संसदीय क्षेत्र के पंचायत के वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधिगण भाग लेंगे। मंदीप मेहता ने कहा कि दांगी कुशवाहा महासभा का इतिहास गौरवशाली रहा है। कारण कि इसी समाज से उपजे देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले, चंद्रगुप्त मौर्य, सम्राट अशोक, भगवान बुद्ध जैसे कई ज्ञानी पुरुष जन्में हैं, जिन्होंने सिर्फ अपने ही समाज के लोगों को नहीं बल्कि पूरे देश के लोगों के लिए एकता व भाईचारे का पैगाम देते हुए संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि कभी इस समाज के पूर्वजों का शासन पूरे जम्मू द्वीप पर हुआ करता था। लेकिन आज बिखराव के कारण हम अपने आपको भूल चुके हैं लेकिन जबसे समाज का संगठन बना है तबसे लेकर आज तक समाज के बीच जाकर लोगों को गौरवमयी इतिहास बताकर जगाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने चतरा संसदीय क्षेत्र में निवास करने वाले समाज के सभी लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में 12 जनवरी को लोग चतरा कॉलेज मैदान में पहुंच कर जनसभा को सफल बनाने का काम करें। प्रेस वार्ता में प्रकाश मेहता व अन्य लोग मौजूद थे।

# पुलिस लाइन स्टेडियम में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

- पूर्वाह्न 09:05 बजे होगा झंडोत्तोलन
- गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर प्रशासनिक/पुलिस पदाधिकारियों की हुई संयुक्त बैठक



### गणतंत्र दिवस के दिन जिले में मांस-मदिरा पर प्रतिबंध, निगम को साफ-सफाई कराने के निर्देश

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम के द्वारा शहर की विशेष साफ-सफाई की जायेगी। महापुरुषों की प्रतिमा की विशेष सफाई होगी। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर पूर्ण रूप से स्वच्छ रहे,इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिये। गणतंत्र दिवस के दिन पूरे जिले में मांस-मदिरा की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में प्रशासनिक/ पुलिस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस कार्य में सभी संबंधित पदाधिकारी से अपना योगदान देने की बात कही गयी। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि पलामू जिला मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस स्टेडियम मेदिनीनगर में आयोजित किया जाएगा, जहां मुख्य अतिथि सुबह 9:05 बजे झंडोत्तोलन करेंगे। परेड और झांकियों के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने सभी आवश्यक तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही झांकियों को आकर्षक रूप देने की बात कही। मुख्य समारोह के बाद प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में पूर्वाह्न 10:00 बजे, पलामू समाहरणालय में पूर्वाह्न 10:20 बजे, पलामू क्लब मेदिनीनगर में पूर्वाह्न 10:45 बजे और रेड क्रॉस भवन मेदिनीनगर में पूर्वाह्न 11:00 बजे झंडोत्तोलन होगा। इसके बाद सभी संबंधित कार्यालय प्रधान अपने-अपने कार्यालयों में झंडोत्तोलन करेंगे। विभिन्न क्षेत्रों जैसे खेल, सामाजिक, विकास सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। गणतंत्र दिवस परेड में आई.आर.बी, जिला बल, गृह रक्षा वाहिनी, एनसीसी आदि की टुकड़ी भाग लेंगी। उन्होंने पुलिस लाइन स्टेडियम में साफ-सफाई, रंग-रोगन, लाउडस्पीकर, पेयजल, लोगों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड समेत अन्य कार्यों की जिम्मेदारी विभिन्न पदाधिकारियों को सौंपते हुए सभी कार्य तय समय पर पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, अपर समाहर्ता, नजारत उप समाहर्ता, समान्य शाखा प्रभारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता व अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को दुबारा भाजपा का सदस्यता लेने पर विधायक ने दी बधाई

- रघुवर दास के भाजपा में शामिल होने से पार्टी होगी काफी मजबूत : आलोक चौरसिया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह ओड़िसा के राज्यपाल रहे रघुवर दास का झारखंड में दोबारा आकर भाजपा ज्वाइन करने के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं व पार्टी में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी । भाजपा के सभी विधायक जिसमें मुख्य रूप से डालटनगंज विस क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने पुष्प गुच्छ देकर पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व राज्यपाल रघुवर दास को बधाई दिया। मौके पर विधायक श्री चौरसिया ने बताया कि भ्रष्टाचार की चरम पर झारखंड की अर्थव्यवस्था की भेंट चढ़ गई है । वर्तमान सरकार झूठे वादे फर्जी काम एवं कम गुणवत्ता वाले कार्य को अपूर्ण ढंग से पूरा कर आम जनमानस को ठगने का काम कर रही है । श्री रघुवर दास के आने के बाद बीजेपी टीम में जैसे जान आ गई है वहीं विपक्षी का सत्ता जाने का टाइम आ गया है। रघुवर दास के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने से पार्टी मजबूत होगा। एक तरफ रघुवर सरकार के समय भ्रष्टाचार मुक्त एवं जनहित कार्य 5 साल के कार्यकाल में पूर्ण हुआ था वहीं दूसरी ओर खुद मुख्यमंत्री ही जेल की हवा खाकर आरोपी साबित हुए हैं, ऐसी भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को हम जल्द से जल्द उखाड़ फेंकेंगे। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास आज दोबारा फिर से भाजपा की सदस्यता ले लिए। ओडिशा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद अब वह फिर मुख्यधारा की राजनीति में सक्रिय होंगे। रांची स्थित झारखंड प्रदेश भाजपा कार्यालय में दोपहर एक बजे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। राज्यपाल रहते हुए व्यक्ति किसी राजनीतिक दल का सदस्य नहीं रह सकता है। इस कारण रघुवर दास ने राज्यपाल बनने से पूर्व पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। अब वह दोबारा सदस्य बनकर पार्टी में सक्रिय होंगे। रघुवर दास के दोबारा से प्रदेश की राजनीति में शामिल होने से उनके समर्थकों में उत्साह है। शुक्रवार को रघुवर दास रांची के धुर्वा स्थित अपने आवास से निकलकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वह भाजपा के दिग्गज नेता रहे स्व. कैलाशपति मिश्र और दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर भी फूल चढ़ाकर उन्हें नमन किया। उनके भाजपा में शामिल होने से उत्साहित समर्थकों ने रांची में इस आयोजन को लेकर खूब बैनर-पोस्टर लगाए हैं। शुक्रवार को भी कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व गाजे-बाजे के साथ रघुवर दास प्रदेश कार्यालय पहुंचें।

## हिन्डालको ने किया दंत जांच शिविर का आयोजन

- दांत में दवा नहीं इलाज की जरूरत होती है : डॉ विनीत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/पंडवा।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर ईकाई द्वारा अपने खनन क्षेत्र के कठौतिया गांव में निः शुल्क दांत जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार ने 84 लोगों की जांच की। जांच के बाद निः शुल्क दवा भी दी गयी। डॉ विनीत कुमार ने कहा कि दांत को दवा से ज्यादा उसका सहीं तरीके से इलाज जरूरी है। दवा से दांत के रोग को दबाने के बाद वह और बड़ा रूप ले लेता है। डॉ विनीत ने दांत को स्वस्थ रखने के लिए छह माह में साल भर के अंदर दांतों के चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि खनन क्षेत्र के परिधि में आने वाले गांवों के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस तरह का शिविर आयोजित की जाती है। इस मौके पर अनीता भगत, सुहानी कुमारी, प्रिंस सिंह, सुकन बैठा, शंकर प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

## गरीबों की सेवा देव सेवा तुल्य, मदद के लिये सभी आगे आयें : प्रो. नंदलाल शुक्ला

- सनटेक प्लास्टिसाइजर ने वार्ड नौ में किया 100 कम्बल का वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला के डंडीला खुर्द स्थित सनटेक प्लास्टिसाइजर प्रा. लिमिटेड के द्वारा शुक्रवार को कंबल वितरण अभियान के दूसरे दिन विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड नौ में 100 अभावग्रस्तों के बीच कंबल वितरित किया गया। अध्यक्षता निवर्तमान वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला व संचालन समाजसेवी राजू शुक्ला ने किया। कंबल का वितरण कंपनी के प्रतिनिधि नरेश प्रसाद यादव, प्रो. नंदलाल शुक्ला, पंडित विजय शुक्ला, लाल बाबू शुक्ला, राजेश शुक्ला, बजरंग दल सह रेहला रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला व नीरज शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। प्रो. नंदलाल शुक्ला ने कहा कि गरीबों की सेवा देव सेवा तुल्य है। गरीबों की मदद के लिये सभी को आगे आना चाहिए।

मौके पर शिवानन्द कुमार, अशोक कुमार, अमरेशकांत मिश्रा, पंकज पांडेय, अरुण शुक्ला, पंकज शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

## ठाकुरबाड़ी श्रीराम दरबार से गाजे बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**नीलाम्बर पीतांबरपुर (पलामू)।** प्रखंड के जैप 8 मुख्यालय स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर कोटखास में होने वाला श्री राम दरबार का प्रथम वार्षिक उत्सव को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में कोटखास पंचायत के मुखिया जुली सिंह, राजन सिंह ,मुख्य यजमान जयराम तिवारी एवं उनकी पत्नी बिंदा देवी आदि सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। ठाकुरबाडी श्रीराम दरबार से गाजे बाजे के साथ निकाली भव्य यात्रा कलश यात्रा ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर कुंडेलवा घाट मलय नदी से जल लेकर ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण वापस पहुंची । इस कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु पूरे रास्ते भक्तिमय गानों पर झूमते नाचते दिखे । कलश यात्रा वापस आने पर पंडित सुभाष मिश्रा तथा आशीष मिश्रा के द्वारा पूजा अर्चना के बाद मंदिर प्रांगण में प्रसाद का भी वितरण किया गया। कलश यात्रा में सनातन धर्म सभा केंद्रीय अध्यक्ष अजित तिवारी, महासचिव रामप्रकाश तिवारी, गौतम सिंह, बलकेश पासवान, बबलू सिंह, राजीव सिंह, कमलेश तिवारी, निहोरा गिरी, ओमप्रकाश, नीरज प्रसाद, सतीश मिश्रा, अमित पाठक, अमित सिंह, सतेंद्र सिंह, विजय सिंह, छोटन दुबे, अमित सिंह, सुमित सिंह, नीरज राय सहित सैकड़ों लोग मुख्य रूप से शामिल थे।

## ग्रामीणों ने पारंपरिक रूप से की डीहवार बाबा की वार्षिक पूजा



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 18 के छिपादोहर में शुक्रवार को ग्राम देवता डीहवार बाबा की विशेष पूजा पारंपारिक तरीके से संपन्न हुई। यहां बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष पौष मास में शुक्ल पक्ष एकादशी को डीहवार बाबा की विशेष पूजा अर्चना होती है। डीहवार बाबा देवस्थल पर ग्रामीण अहले सुबह से ही विशेष पूजा अर्चना के लिये पहुंचने लगे थे। सारा दिन धार्मिक अनुष्ठान और पारंपरिक तरीके से पूजा चलता रहा। इस दौरान जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। मौके पर पंडित ऋतुराज मिश्रा, कन्हाई यादव, राजेंद्र यादव, अशरफी यादव, दसरथ यादव, दासो यादव, बालेश्वर यादव, रामदास यादव, तुलसी यादव, अर्जुन साव, ओमप्रकाश यादव सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## खेल मैदानों को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे : कुणाल सारंगी

- झामुमो नेता और यूथ आइकन कुणाल सारंगी ने किया पलामू कप सीजन 2 का उदघाटन



**मेदिनीनगर।** झामुमो नेता और पूर्व विधायक कुणाल सारंगी ने पलामू कप सीजन 2 का उदघाटन किया। यह टूर्नामेंट झामुमो युवा मोर्चा द्वारा आयोजित किया गया है। इसकी अध्यक्षता युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला और संचालन सचिव आशुतोष विनायक द्वारा किया जा रहा है। उदघाटन समारोह में झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, प्रो. एससी मिश्रा, क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुणाल सारंगी का स्वागत युवाओं ने बड़े उत्साह से किया। झामुमो नेता और पलामू कप के मुख्य प्रायोजक अभिषेक सिंह ने कुणाल सारंगी को अंगवस्त्र तथा बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर कुणाल सारंगी ने कहा कि मैं पलामू के खेल मैदानों को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होंने युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला और सचिव आशुतोष विनायक समेत पूरी टीम को बधाई दी। झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने युवा मोर्चा को पलामू कप के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कुणाल सारंगी और झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कबड्डी और खो खो के नेशनल खेलने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में झामुमो सचिव सन्नू सिद्धिकी, केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, मुन्ना सिन्हा, सुनील तिवारी, वरिष्ठ नेता देवेंद्र तिवारी, दीपक तिवारी, अशोक साहनी, उपाध्यक्ष असफर रब्बानी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, व्यवसाई मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, डॉ जशवंत सिंह, बबलू चौधरी, संगठन सचिव कृष्ण कन्हैया दुबे, प्रशांत सिन्हा, अरविंद चौधरी, कमेंटेटर एपी लक्की, राजू ओझा, अंपायर मिंटू तिवारी, शशि कुमार और राजू शुक्ला मौजूद थे।

# पर्यावरण धर्म के तहत सुंदरलाल बहुगुणा की जयंती पर पर्यावरणविद् ने पौधरोपण कर उन्हें याद किया

- चिपको मूवमेंट के दौरान डॉ कौशल के घर दो बार पलामू पहुंचे थे सुंदरलाल बहुगुणा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने गुरुवार को अपने मेदिनीनगर स्थित पर्यावरण भवन आवासीय परिसर के आकाश बाग और छतरपुर अनुमंडल के डाली पंचायत के कौशल नगर में नेशनल मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क व जैविक उद्यान में भारत के महान पर्यावरण चिंतक व चिपको आंदोलन के प्रमुख नेता रहे प्रख्यात पर्यावरणविद पदमविभूषित स्व. सुंदरलाल बहुगुणा की 98वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण धर्म व उसके प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति का आम का पौधा लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी संघर्षपूर्ण जीवनयात्रा को याद किया। डॉ कौशल ने कहा कि सुंदरलाल बहुगुणा भारत के एक महान पर्यावरण-चिन्तक एवं चिपको आन्दोलन के प्रमुख नेता थे। उन्होंने हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में वनों के संरक्षण के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनकी पत्नी व कर्नाटक के पांडुरंग हेगड़े, रामकृष्ण हेगड़े, चंद्रशेखर, धूम सिंह नेगी अमेरिका के जॉर्ज ए जेम्स नेपाल के सरोज शर्मा भी उनके अन्दोलन से जुड़ी हुईं थीं। 1970 के दशक में पहले वे चिपको आन्दोलन से जुड़े रहे और 1980 के दशक से 2004 तक के दशक में टिहरी बाँध के निर्माण के विरुद्ध आन्दोलन से जुड़े रहे। उन्होंने कहा कि पलामू प्रवास के दौरान बहुगुणा जी ने उनके निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण कार्यक्रम का न सिर्फ हिस्सा बने थे बल्कि उन्होंने लावारिस सेवा केंद्र व पानी पंचायत का केंद्रीय कार्यालय का भी शुभारंभ किया था। बहुगुणा जी के साथ 1977 में टिहरी के चामा,चमोली के चिपको मूवमेंट से कर्नाटक के अप्पिको आंदोलन समेत देश-विदेश के दर्जनों प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिला था। कार्यक्रम में संस्था की प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, संस्था के सचिव अरविंद जायसवाल, प्रो अरुण जायसवाल, आशा देवी, उर्मिला देवी, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, पिंकी सिंह, हेम सिंह, मिट्ठू सिंह, धर्मदेव यादव, शमीम अंसारी, बृजमोहन सिंह, आराध्या , आशिका आद्विक, अनुषा, रामू, छोटू, सत्य सिंह ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुनित कार्य : मो हासिम

- सेवा सदन अस्पताल में आये गरीब मरीजों को उपलब्ध कराया गर्म वस्त्र व भोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दुबई ट्रेंडर्स के मालिक मो हासिम प्रत्येक वर्ष शहर के अस्पतालों में आये गरीब व जरूरतमंद मरीजों व उनके परिजनों की सेवा करते आ रहे हैं। शहर के नावाटोली निवासी मो हासिम सेवा सदन अस्पताल में आये गरीब मरीजों को गर्म वस्त्र व भोजन उपलब्ध कराया और मानवता का परिचय दिया। जब उन्हें पता चलता है कि कोई भी गरीब परिवार अस्पताल में इलाजरत है और उन्हें सहायता की जरूरत है तो वे दरिया दिली दिखाते हुए अस्पताल पहुंचकर निजी खर्च से कपड़ा, गर्म वस्त्र, भोजन व पैसे भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने गुरूवार को सेवा सदन में आये गरीब मरीजों को गर्म वस्त्र व भोजन उपलब्ध कराया। मो हासिम ने कहा कि गरीबों की सेवा करना सबसे बड़ा पुनित कार्य है। गरीबों की सेवा से बढ़कर दूसरा कोई पूजा नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि गरीबों, जरूरतंदों व दबे कुचले लोगों की सेवा करने में सुकून मिलता है। उन्होंने समृद्ध लोगों को भी गरीबों की सेवा व सहायता करने के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन गरीब परिवार को इलाज कराने के लिए पैसे नहीं हैं, वस्त्र नहीं हैं और ठंड में गर्म वस्त्र नहीं हैं वे उनसे मिलकर सहायता पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सूचना मिलती है कि गरीब व्यक्ति मरीज को इलाज कराने सदर अस्पताल समेत कई अस्पताल में आते हैं उनके पास कुछ भी नहीं होता है। उनकी सहायता वह श्रद्धा से करते हैं। गरीब परिवार द्वारा सहायता मिलने पर उन्हें बधाई भी देते नहीं थकते हैं।

स्पीड न्यूज

## विधायक अमित कुमार यादव ने पूर्व सीएम रघुवरदार से की मुलाकात



जयनगर (कोडरमा)। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमित कुमार यादव ने झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास से रांची स्थित उनके आवास पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच झारखंड की राजनीतिक एवं सामाजिक स्थितियों पर चर्चा की गयी। वहीं विधायक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का अनुभव और नेतृत्व झारखंड के लिए हमेशा एक प्रेरणा स्रोत रहा है, रघुवर दास के कार्यकाल में झारखंड में काफी ज्यादा विकास हुआ था, झारखंड में काफी सरकारी नौकरी में बहाली हुई थी। ज्ञात हो कि झारखंड राज्य में विधानसभा चुनाव होने के बाद रघुवर दास एक ऐसा मुख्यमंत्री थे, जिन्होंने अपना कार्यकाल 5 वर्षों तक पूरा किया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

चंदवारा (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनगुंडी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं युवक की पहचान 21 वर्षीय सूरज कुमार यादव मदनगुंडी निवासी के रूप में की गई। घटना शुक्रवार लगभग 12 बजे की बताई जा रही है। बताते चलें कि सूरज कुमार यादव की चचेरी बहन ने 13 दिसंबर को फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। वहीं घटना के बाद थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## ऑटो पलटने से एक महिला समेत पांच गंभीर

डोमचांच (कोडरमा)। कोडरमा-जमुआ मुख्य मार्ग स्थित नीरु पहाड़ी के समीप शुक्रवार को एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें एक महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। खबर लिखे जाने तक घायलों की पहचान नहीं हो पायी थी।

## बोल्डर लदा हाईवा जब्त

डोमचांच (कोडरमा)। वन प्रमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में महेशपुर चौक मसमोहना रोड में बोल्डर लदा हाईवा को जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान महेशपुर चौक मसमोहना रोड में एक हाईवा संख्या जेएच05सीएम-8736 को पत्थर लोड सहित बिना चालान पकड़ा गया, जिसमें लगभग 800 सीएफटी बोल्डर लोड पाया गया। मौके से चालक रमेश मेहता पिता स्व.छोटी मेहता ग्राम अटला थाना बगोदर गिरिडीह निवासी को गिरफ्तार कर अग्रेत्तर कार्यवाई के लिए भेज दिया गया। जांच दल में वन क्षेत्र पदाधिकारी डोमचांच, प्रभारी वनपाल ललन किशोर, अभिमन्यु कुमार एवं अन्य वन कर्मियों शामिल थे।

## 2012 बैच के दो पदाधिकारी का पुअनि के पद से पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नित



कोडरमा। जिले में पदस्थापित 2012 बैच के दो पदाधिकारी का पुअनि के पद से पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नित हुआ है। वहीं एसपी अनुदीप सिंह द्वारा कार्यालय सभागार में पुअनि विकाश कुमार पासवान एवं पुअनि अरविंद कुमार को निरीक्षक का बैच लगाकर सम्मानित किया एवं भविष्य में अपने कार्य को निष्ठा और ईमानदरी से करने के लिए शुभकामना दी। मौके पर डीएसपी रतिभान सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, चन्द्र शर्मा परिचारी विधान समेत अन्य मौजूद थे।

### मंदनगुंडी टोल प्लाजा पर स्थानीय लोगों का अनिश्चितकालीन धरना पांचवें दिन भी जारी, कहा

# नियमों के खिलाफ टोल प्लाजा की मनमानी नहीं चलेगी

- मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो के जरिए दावा किया था कि 60 किमी के भीतर रहने वाले लोगों को टोल का पैसा नहीं देना होगा



खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवारा (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत मंदननगुंडी टोल प्लाजा के समीप मंदनगुंडी टोल प्लाजा संघर्ष समिति की ओर से व्यावसायिक स्कूल वाहन, केंपर ट्रक, सवारी गाडी समेत कई स्थानीय वाहनों से टोल टैक्स मुक्त रखने के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना पांचवें दिन जारी रहा। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि 60 किलोमीटर के दायरे में टोल वसूली से हमलोग परेशान हैं, नेशनल हाईवे अथॉरिटी से ठेका प्राप्त करने वाले व्यक्ति रांची-पटना मुख्य मार्ग समेत कई जगह सर्विस रोड समेत सड़क अधूरी रहने के बावजूद भी मदनगुंडी टोल टैक्स वसूली कर रहे हैं। नियमों के तहत दो टोल प्लाजा की बीच की दूरी 60 किलोमीटर होनी चाहिए।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो के जरिए दावा किया था कि अब से टोल प्लाजा 60 किलोमीटर के भीतर रहने वाले लोगों को टोल का पैसा नहीं देना होगा। लोग अपना आधार कार्ड दिखाकर टोल क्रॉस कर सकते हैं। आधार कार्ड देखकर उसे तुरंत पास यीशु किया जाए। उन्होंने कहा कि रांची-पटना मुख्य मार्ग मदनगुंडी में टोल टैक्स नियमों के खिलाफ टोल प्लाजा बना है, टोल प्लाजा की मनमानी नहीं चलेगी।

मौके पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने कहा कि एक तरफ सड़क परिवहन मंत्री कहते हैं कि दो टोल प्लाजा की दूरी कम से कम 60 किलोमीटर होनी चाहिए, जबकि हजारीबाग के नगवा टोल प्लाजा की दूरी महज 42 किलोमीटर है। वहीं बिहार के नवादा टोल प्लाजा की दूरी लगभग 50 से 55 किलोमीटर है, बरही के धमना टोल प्लाजा की दूरी महज 15 किलोमीटर है, मदनगुंडी टोल प्लाजा नियमसंगत नहीं है। कोडरमा जिला जेएच 12 नंबर सहित बरही विधानसभा के फोर व्हीलर को टोल टैक्स फ्री किया जाए। चंदवारा प्रखंड के 15 पंचायत के ट्रक, ट्रेलर, हाईवा, पानी टेंकर, सवारी गाड़ी समेत विभिन्न प्रकार के वाहनों को टोल से मुक्त किया जाए।

मौके पर महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव, प्रमुख मंजू देवी, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, महादेव राम, श्यामदेव यादव, महेन्द्र यादव, कृष्ण यादव, अज्जु सिंह, अरविंद यादव, रविशंकर यादव, अशोक सिंह, रामदेव यादव, टिंकू मोदी, शमीम अंसारी, प्रमोद वर्मा, बिरेन्द्र पासवन, प्रमोद बर्णवाल समेत कई लोग मौजूद थे।

## सीपीएम के राज्य सम्मेलन में माईका स्क्रैप पर असीम सरकार ने रखा प्रस्ताव



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। रांची स्थित नामकुम में 9 से 11 जनवरी तक चल रहे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन में सीपीएम के जिला सचिव असीम सरकार ने माईका स्क्रैप (ढ़िबरा) की खरीद पर प्रस्ताव रखते हुए कहा कि अभ्रक का अवशेष (ढ़िबरा) पर कोडरमा व गिरिडीह के 4 लाख लोग निर्भर है. माईका स्मॉल मिनरल में आता है, जिसमें कई तरह की छूट मिलती है और खनन कानून में 4 फीट नीचे से निकलने वाले खनिज पर यह लागू होता है। अभ्रक खदान के स्क्रैप अथवा ढ़िबरा को चुनकर छोटे-छोटे खरीदकर को बेचते हैं, जिसका प्रोसेसिंग कर निर्यात होता है। वहीं केन्द्र सरकार को इससे बड़ी आमदनी होती है, पर सरकार की उपेक्षा और अफसरशाही का शिकार पूरा ढ़िबरा व्यवसाय पर पड़ रहा है। राज्य सरकार ने ढ़िबरा पर पॉलिसी तो बनाई है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोडरमा में एक साल पूर्व ढ़िबरा लदे ट्रक को रवाना किया, इसके बावजूद लिथियम के बहाने काम शुरू नहीं हुआ। जिसके कारण एक तरफ चार लाख से अधिक स्वतंत्र मजदूरों का रोजगार प्रभावित हुआ और दूसरी तरफ माफिया तत्वों द्वारा खुलेआम ढ़िबरा की तस्करी हो रही है।

वहीं झारखंड सरकार अपनी नीतियों अपने नीति के अनुरूप कॉपरेटिव के माध्यम से मजदूरों से ढ़िबरा खरीद का काम अविलंब शुरू करे, जिससे कि लाखों मजदूरों को रोजगार की गारंटी हो, जिससे राज्य सरकार को राजस्व की प्राप्ति हो सकें। साथ ही राज्य सरकारों को अपने भ्रष्ट अफसरों पर रोक लगाना होगा, इसके लिए माकपा ने राज्यव्यापी संघर्ष का आह्वान किया।

## लोमचांची जंगल में अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी में जेसीबी जब्त

- आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा : रेंजर



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिले के वन्य प्राणी आश्रयणी क्षेत्र में खनन माफियाओं द्वारा अवैध खनन बड़े पैमाने पर जारी है। वन प्रमंडल पदाधिकारी वन्य प्राणी प्रमंडल सूरज कुमार के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने गुरुवार रात छापेमारी कर एक जेसीबी जब्त किया है। कोडरमा क्षेत्र के इंदरवा चितरपुर स्थित लोमचांची जंगल में अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध खनन में लगे एक जेसीबी मशीन को जब्त किया। छापेमारी के दौरान अंधेरे का लाभ लेकर चालक फरार हो गया। इस मामले में अवैध खनन को लेकर अवैध उत्खनन में लगे लोगों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। वहीं रेंजर ने शुक्रवार को बताया कि उनलोगों के उपर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। जब्त वाहनों को कोडरमा वन विभाग परिसर में जब्त कर रखा गया है। मौके पर वनपाल प्रभारी उस्मान अंसारी, छत्रपति शिवाजी, दुर्गा माहतो, गोपाल यादव के अलावे हजारीबाग की टीम भी मौजूद थी। उल्लेखनीय है कि विगत 11 दिसंबर को भी वन विभाग के द्वारा लोमचांची में छापेमारी कर तीन शक्तिमान और एक जेसीबी को जब्त किया गया था।

## दुकानदारों से नगर परिषद् ने वसूला 7500 जुर्माना



झुमरीतिलैया (कोडरमा)। नगर परिषद् इंफोर्समेंट टीम के द्वारा स्टेशन रोड एवं खुदरा पट्टी गली में म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस गहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें नगर परिषद् के द्वारा बिना म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस लिए व्यापार कर रहे लोगों पर 7500 रुपय जुर्माना राशि वसूला गया। जांच के दौरान दुकानदारों के बीच जांच को लेकर हड़कंप मच गया, जहां कई दुकानदार अपनी दुकान को बंद कर भाग निकले। वहीं नगर प्रशासक अंकित गुप्ता ने कहा कि नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत बिना म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस लिए व्यापार करना गैरकानूनी है और इसे लेकर नगर परिषद् की ओर से लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जांच में बलराम कुशवाहा, मुकेश राणा, उमेश कुमार, सुदर्शन श्रीवास्तव, भोला कुमार दास, राजकिरण यादव समेत गृहरक्षक के जवान मौजूद थे।

## चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को उपायुक्त ने मेडल पहनाकर किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। पांचवा खुला क्योरगी ताकवांडो चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

बता दें कि पिछले दिनों कोलकाता में पांचवा खुला क्योरगी ताकवांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था, जिसमें झारखंड राज्य के करीब अलग-अलग जिलों से सत्तर खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें ताइक्वांडो डे-बॉडिंग के 13 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय लेवल पर भाग लिए, जिसमें झारखण्ड राज्य द्वितीय रनर ट्रॉफी प्राप्त किए तथा 7 खिलाड़ी स्वर्ण पदक तथा 6 खिलाड़ी रजत पदक प्राप्त किए। उपरोक्त 13 खिलाड़ी जिले की सीडी बालिका विद्यालय की छात्राएं हैं। जिसमें स्वर्ण पदक प्राप्त करने में माना कुमारी 42 केजी, खुशी कुमारी 40 केजी, लक्ष्मी कुमारी 46 केजी, नायशा कुमारी 45 केजी, रोजी प्रवीण 42 केजी, नाजिया प्रवीण 45 केजी, खुशबु कुमारी 55 केजी और रजत पदक प्राप्त करने वाले में खुशबु कुमारी 39 केजी, लक्ष्मी कुमारी 56 केजी, सुहानी कुमारी 40 केजी, आदिति सिंह 40 केजी, पूनम कुमारी 49 केजी खिलाड़ी शामिल हैं।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति को दुरुस्त करने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

- हर हाल में प्रशासन की निगरानी में इस समिति को दुरुस्त करने की मांग की



खबर मन्त्र संवाददाता

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति अड्डी बांग्ला झुमरीतिलैया के संदर्भ में बैठक के पश्चात् उपायुक्त मेघा भारद्वाज के समक्ष ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि हर हाल में प्रशासन अपनी निगरानी में इस समिति को दुरुस्त करें। इसके लेखा-जोखा की जांच करें, गबन होने वाली राशि का पता लगाकर उसपर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाए। वहीं उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति किसी की व्यक्तिगत संपत्ति ना बने इसके लिए प्रशासन की निगरानी में सभी पक्षों को ध्यान में रखकर एक निष्पक्ष जांच कमेटी बनाकर सार्वजनिक कमेटी बनाई जाए, यह सार्वजनिक कमेटी पूर्णतया अनुमंडल पदाधिकारी की देखरेख में बनाई जाए। वहीं श्रद्धालु एवं भक्त जनों के द्वारा दी जाने वाली एवं मंदिर में आने वाली राशि, सामग्री, रखरखाव, वितरण व्यवस्था तथा निर्माण हो रहे धर्मशाला आदि सभी विषयों का एक बायलॉज बने। साथ ही साथ मंदिर समिति का एक ट्रस्ट बनाया जाए। जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी हो और उन व्यक्तियों की निगरानी में भविष्य में इस दुर्गा मंदिर परिसर का कार्य संपन्न होता रहे। इन विषयों की जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा नेता नितेश चंद्रवंशी, अनूप जोशी, आलोक सरकार, अमित जायसवाल, मनोज साहू, रोहित केसरी, हरि पंडित, सुमित कुमार, प्रभाकर लाल रावत, सुरेश विश्वकर्मा ने उपायुक्त को सभी विषयों की जानकारी दी। वहीं उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि इस विषय में जांच करवाती हूं और एसडीओ की देखरेख में भविष्य में सभी पक्षों की जानकारी लेकर दुरुस्त कमेटी बनवाई जाएगी और आम लोगों के लिए सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बनी रहेगी।

### चतरा उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं, संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश

# समस्याओं का शीघ्र और नियमसंगत समाधान सुनिश्चित करें

- उपायुक्त ने शिकायतों का निष्पादन त्वरित और निष्पक्ष तरीके से करने का दिलाया भरोसा



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में आमजनों की समस्याएं सुनी। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम समेत विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, विद्यालयों में पेयजलापूर्ति, विद्युत समस्याएं, अबुआ आवास योजना, मनरेगा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और कन्यादान योजना से संबंधित शिकायतें सामने आईं। उपायुक्त ने सभी आवेदनों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समस्याओं का शीघ्र और नियमसंगत समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजनों को उनके मुद्दों का समाधान जल्द से जल्द मिले, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। उपायुक्त ने जनता दरबार में आए लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों का निष्पादन त्वरित और निष्पक्ष तरीके से किया जाएगा।

## हंटरगंज प्रमुख ने बीडीओ के वित्तीय प्रभार पर उपायुक्त को लिखा पत्र



चतरा। हंटरगंज प्रखंड में बीडीओ की अस्वस्थता के कारण सरकारी कामकाज प्रभावित हो रहा है। प्रमुख ममता कुमारी ने उपायुक्त रमेश घोलप को पत्र लिखकर बीडीओ का वित्तीय प्रभार किसी अन्य समकक्ष पदाधिकारी को देने की मांग की है। पिछले 20 दिनों से बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप अस्वस्थ हैं, जिसके चलते प्रखंड कार्यालय में सरकारी योजनाओं का काम रुक गया है। जन कल्याणकारी योजनाएं, जैसे इंदिरा आवास, वृद्धा और विकलांग पेंशन, अबुआ आवास, और मेधावी छात्रों की स्कॉलरशिप फॉर्म भरने का काम ठप पड़ा है। प्रमुख ममता कुमारी ने पत्र के माध्यम से उपायुक्त से आग्रह किया है कि वित्तीय वर्ष का अंतिम समय होने के कारण जल्द से जल्द वित्त प्रभार किसी सक्षम अधिकारी को दिया जाए। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो जनहित की कई योजनाएं अधूरी रह जाएंगी। बच्चों के जाति, आय, और आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में भी देरी हो रही है, जिससे कई छात्र-छात्राएं स्कॉलरशिप से वंचित हो सकते हैं। प्रमुख ने उपायुक्त से जल्द कार्रवाई की अपील की है ताकि प्रखंड के कार्य सुचारू रूप से चल सकें और लोगों को राहत मिल सके।

## एक नजर में

### प्रशासन का बुलडोजर चला, अतिक्रमण कर बनाए गए मकानों को किया ध्वस्त



गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र के मंझगांवा पंचायत में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए पांच मकानों को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सनि राज के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। गिद्धौर प्रखंड के मंझगांवा गांव स्थित खाता संख्या 16 और प्लॉट संख्या 23 पर यदुनंदन यादव, सरवन यादव, मुकेश यादव, अजय दास (सभी ग्राम बारीसाखी निवासी) और विकास दांगी (ग्राम मंझगांवा निवासी) के द्वारा अवैध रूप से मकान निर्माण किया जा रहा था। इस जमीन पर अतिक्रमण को लेकर झारखंड लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 के तहत कार्रवाई की गई। अंचल कार्यालय द्वारा अतिक्रमण वार संख्या 1/24-25 के तहत इन लोगों को विधिवत नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बावजूद 6 जनवरी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद कार्यालय के निदेर्शानुसार 10 जनवरी को पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा के नेतृत्व में सरकारी भूमि पर बनाए गए पांच मकानों को ध्वस्त कर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। मौके पर अंचल कर्मी प्रमोद कुमार सिंह, पप्पू कुमार यादव, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, और सशस्त्र बल के जवान मौजूद रहे।

### आउटरीच कार्यक्रम के तहत किशोरियों को किया गया जागरूक



हंटरगंज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शुक्रवार को 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता, गुड़िया कुमारी और बिहारी कुमार ने जोरी पंचायत के होसिल गांव में महिलाओं और किशोरियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में किशोरी हिंसा, साइबर क्राइम, मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल मजदूरी और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। पीएलबी संदीप गुप्ता, गुड़िया कुमारी और बिहारी कुमार ने महिलाओं और किशोरियों को इन विषयों पर जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के बारे में बताया। कार्यक्रम में दर्जनों महिलाएं और किशोरियां उपस्थित थीं।

### हंटरगंज पुलिस की अवैध अफीम खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, पांच एकड़ में लगी अफीम नष्ट



हंटरगंज। पुलिस ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। शुक्रवार को वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के घटधारी, संजनी और फुलवरिया गांव के जंगलों में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने 5 एकड़ भूमि पर लगी अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। यह अभियान चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पांडे और वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार के निर्देश पर चलाया गया। वशिष्ठ नगर थाना पुलिस और जोरी वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर चलाकर अफीम की खेती को पूरी तरह से नष्ट किया। जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट किया कि अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी चतरा पुलिस कंट्रोल रूम या नजदीकी पुलिस थाने में दें। इस अभियान में सब इंस्पेक्टर विधायक प्रसाद यादव, वनकर्मी कपिलदेव कुमार, विवेक कुमार, रितेश बाखला और राजीव रंजन सहित जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### प्रेम एकादश ने चार विकेट से जीता सद्भावना क्रिकेट मैच



गिद्धौर। प्रखंड के जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह मैच प्रेम राणा और निरंजन दांगी के नेतृत्व में आपसी भाईचारा और सद्भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से खेला गया। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निरंजन एकादश की टीम ने 16 ओवर में सभी विकेट खोकर 121 रन बनाए। जवाबी पारी में प्रेम एकादश ने 15 .4 ओवर में 6 विकेट खोकर 122 रन बनाकर चार विकेट से जीत हासिल की। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मैच के अंत में आयोजनकताओं ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन से आपसी सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। मैदान पर मौजूद दर्शकों ने भी मैच का भरपूर आनंद लिया।

### यातायात नियम तोड़ने वाले कोल वाहनों पर कार्रवाई

चतरा। सिमरिया अनुमंडल प्रशासन ने टंडवा-सिमरिया और टंडवा-पिपरवार सड़कों पर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे कोल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है। उड़ीसा स्टिवडोर्स लिमिटेड (ओएसएल) और प्रणव नमन ट्रांसपोर्ट (पीएनएम) की कई गाड़ियां अवैध पार्किंग, बिना तिरपाल ढंके कोयले की ढुलाई और नो-एंट्री का उल्लंघन करते पकड़ी गईं। प्रशासन ने इन गाड़ियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए और ट्रांसपोर्ट कंपनियों को चेतावनी दी। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे सड़क पर दुर्घटनाएं और अव्यवस्था कम होगी। एसडीओ सिमरिया सनि राज ने कहा कि नियम तोड़ने वालों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन की इस सख्ती से ट्रांसपोर्ट कंपनियों में हड़कंप मच गया है।

### गेरुआ पुल पर कोयला लदे वाहनों से बढ़ा खतरा, ओएसएल पर कार्रवाई की मांग



टंडवा। गेरुआ पुल पर ओडिशा स्टीवडोर्स लिमिटेड (ओएसएल) ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा कोयला लोडेड हाइवा के अव्यवस्थित संचालन से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। जिला प्रशासन के नियमों की अनदेखी करते हुए, कंपनी के वाहन दिन-रात जमवाड़ा से गेरुआ पुल होते हुए बिना मानकों का पालन किए गुजर रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता संतोष नायक ने ओएसएल कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रशासन की सख्ती के बावजूद कंपनी के नियम तोड़ने वाले कार्य जारी हैं। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि ओएसएल की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए और सख्त कार्रवाई की जाए। स्थानीय राहगीरों का कहना है कि कोयला लदे वाहनों के कारण गेरुआ पुल पर आए दिन जाम और हादसों की स्थिति बनी रहती है। भारी वाहनों के गलत संचालन से पुल और आसपास की सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा पहले भी ओएसएल कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, लेकिन दिन के उजाले में चल रही इन गतिविधियों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों और नेताओं ने इस मुद्दे पर त्वरित और कठोर कदम उठाने की मांग की है, ताकि गेरुआ पुल और सड़क पर बढ़ते हादसों के खतरे को रोका जा सके।

### टंडवा में एनटीपीसी और आम्रपाली क्षेत्र में अवैध बालू भंडारण, प्रशासन से जब्ती की मांग



टंडवा। एनटीपीसी और आम्रपाली क्षेत्र में 4500 सिफ्टी से अधिक अवैध बालू का भंडारण सामने आया है। समाजसेवी रामदेव पासवान ने जिला प्रशासन से अवैध बालू भंडारण को तत्काल जप्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि माफिया इस बालू को गुप्त स्थानों पर ले जाने की तैयारी में हैं। रामदेव पासवान ने प्रशासन से अपील की है कि इस अवैध भंडारण पर तुरंत कार्रवाई की जाए और माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बालू का यह विशाल भंडारण न केवल अवैध है, बल्कि क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है।बताया जा रहा है कि एनटीपीसी और आम्रपाली क्षेत्र में बालू का यह भंडारण मैनेजिंग के नाम पर किया गया है। माफिया बालू को गुप्त स्थानों पर शिफ्ट करने की योजना बना रहे हैं। इसके चलते जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से अब तक इस मुद्दे पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। समाजसेवी और स्थानीय लोग प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की मांग कर रहे हैं, ताकि अवैध भंडारण को रोका जा सके और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बहाल की जा सके।

### भद्रकाली महाविद्यालय में सत्संग का आयोजन



इटखोरी। भद्रकाली महाविद्यालय में यूजीसी के निदेर्शानुसार सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर ने की। इस अवसर पर गायत्री प्रज्ञा पीठ धुना के प्राचार्य श्री श्यामानंद शर्मा, गायत्री शक्तिपीठ चतरा के ट्रस्टी कपिलदेव प्रसाद और परिव्रजक राजकुमार कुशवाहा को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सत्संग को संबोधित करते हुए आचार्य श्यामानंद शर्मा ने कहा कि मनुष्य को सात्विक जीवन जीना चाहिए और मांस, मदिरा व बुरी संगति से दूर रहना चाहिए। उन्होंने सत्य और अहिंसा के महत्व को समझाते हुए कहा कि सदाचार ही विश्व में शांति और मानवता को बचा सकता है। प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर ने कहा कि किसी भी जीव को मारकर खाना सबसे बड़ा पाप है और मनुष्य को हमेशा सत्य बोलने और सदाचार का पालन करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो. महेंद्र ठाकुर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

